महत्वपूर्ण एवं खास

स्कूल शिक्षामंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बच्चों संग मनाया अपना जन्म दिवस

रायगढ़। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम धरमजयगढ़ पहुंचे थे। आज उनका जन्म दिवस भी था। संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिसरिंगा धरमजयगढ़ के बच्चों के आग्रह पर उन्होंने उनके बीच अपना जन्म दिवस मनाया। बच्चों ने स्कूल शिक्षा मंत्री के द्वारा केक कटवाया और जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए गीत संगीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जिले के प्रभारी सचिव निरंजन दास, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश श्रीवास उपस्थित रहे। बच्चे अपने बीच विभाग के मंत्री व प्रभारी सचिव को पाकर बहुत ही उत्साहित दिखे। बच्चों के प्रदर्शन से प्रसन्न होकर स्कूल शिक्षामंत्री ने उन्हें शाबासी देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

भेंट-मुलाकात के दौरान जब गायत्री ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी राशन कार्ड बनवाने की मांग, तो तत्काल उन्हें बनवाकर दिया गया कार्ड

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 सितम्बर को भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान विधानसभा धरमजयगढ़ आये थे। इस दौरान विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम फगुरम निवासी गायत्री महंत के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष राशन कार्ड बनाये जाने की मांग की। उनके मांग को सुनते ही मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर तत्काल उन्हें नीला राशन कार्ड बनवाकर प्रदाय किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड घरघोड़ा के ग्राम-भेंगारी की वृन्दा बाई पटेल ने मुख्यमंत्री को राशन कार्ड कट जाने की बात बतायी। जिस पर मुख्यमंत्री बघेल ने उक्त हितग्राही से पूछा कि क्यों कट गया राशनकार्ड? वृन्दा बाई ने अधिक धान विक्रय करने के कारण राशन कार्ड कटना बताया। इस पर उक्त हितग्राही को तत्काल पात्रतानुसार एपीएल राशनकार्ड तैयार कर प्रदाय किया गया।

मुख्यमंत्री बघेल ने ऊँ-अमृतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात की शुरुआत ग्राम छाल (वृंदावन) स्थित ऊँ-अमृतेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर की। उन्होंने ऊँ-अमृतेश्वर महादेव की विधिवत जल अभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना भी की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर परिसर में धार्मिक एवं आयुर्वेदिक महत्व के लाल चंदन के पौधा लगाया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, विधायक लालजीत सिंह राठिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

भेंट-मुलाकात के लिए छाल पहुंचे मुख्यमंत्री : जानी योजनाओं की जमीनी स्थिति, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, किया निराकरण

❒ मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को दी विकास कार्यों की सौगात, जनकल्याण के लिए की कई घोषणाएं

❒ कापू उप तहसील को दिया जाएगा पूर्ण तहसील का दर्जा

❒ रायगढ़ में 467 करोड़ की लागत से 260 किलोमीटर सड़कों का होगा निर्माण

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छाल पहुंचे। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री का नर्तक दलों के द्वारा बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों में मुख्यमंत्री से मिलने को लेकर काफी उत्साह था। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने तख्ती पर थैंक्यू सीएम सर व बच्चों की अंग्रेजी शिक्षा पर ध्यान दिया, गरीब बच्चों को मान दिया जैसे नारे के साथ मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने छाल में भेंट-मुलाकात की शुरुआत ग्राम छाल (वृंदावनद्ध) स्थित ऊँ अमृतेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर की। उन्होंने ऊँ-अमृतेश्वर महादेव का विधिवत जल अभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख. समृद्धि की कामना भी की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में धार्मिक एवं आयुर्वेदिक महत्व के लाल चंदन का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वृंदावन छाल में राज्य के प्रमुख आदिवासी नेता एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय चनेशराम राठिया की प्रतिमा का अनावरण भी किया। भेंट-मुलाकात सहित अन्य कार्यक्रमों में विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, विधायक लालजीत सिंह राठिया, विधायक चक्रधर सिंह सिदार, विधायक रामकुमार यादव, विधायक प्रकाश नायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मौजूद विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त दिवाली से पहले 15 अक्टूबर को किसानों के खाते में पहुंचा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानन्द स्कूल में पढने वाले हमारे बच्चे फर्राटेदार अंग्रेजी में बात करते हैं। अब स्कूलों में संस्कृत भी पढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय भाषाओं की भी जानकारी दी जाएगी, ताकि बच्चे अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा की मंच पर मेरे तीन भतीजे बैठे हुए हैं इनके पिताजी के साथ मैंने राजनीति की है, विधायक लालजीत राठिया, मंत्री उमेश पटेल और विधायक प्रकाश नायक मेरे भतीजे हैं। अधिकारी रायपुर में बैठकर योजनाएं बनाते हैं, इसलिए इन्हें भी साथ लेकर आता हूं ताकि इन्हें पता चल सके कि योजनाओं में क्या प्रगति है। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में किसान गुरुदराम राठिया ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है, उनका एक लाख रुपये का ऋण माफ हुआ है। मुख्यमंत्री को पार्वती यादव ने बताया कि उन्होंने डेढ़ लाख का गोबर बेचा है। इससे उन्हें लोन में जो ट्रेक्टर लिया था उसकी किस्त पटाने में सहायता मिल रही है। स्व-सहायता समूह की महिला ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए बताया कि समूह के माध्यम से अब तक 100 क्विंटल गोबर बेचा है, मुझे जो पैसा मिला, उससे मैंने मंगलसूत्र बनवाया है। ग्रामीण प्यारेलाल राठिया ने मुख्यमंत्री को बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण करके इस वर्ष उन्हें 39 हजार रुपये मिले हैं, पिछले वर्ष उन्हें 53 हजार रुपये मिले थे।

मुख्यमंत्री ने ग्राम छाल में जनकल्याण के लिए की कई घोषणाएं-

❖ खरसिया और छाल के बीच माड़ नदी में बनने वाले पुल के निर्माण कार्य को जल्दी पूरा करवाया जाएगा।

❖ खरसिया से छाल और छाल से धर्मजयगढ़, छाल से घरघोड़ा रोड का निर्माण जल्दी से जल्दी प्रारंभ करवाया जाएगा।

❖ ग्राम सिसरिंगा में 32 केवी के नए बिजली सब स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

❖ कापू उप तहसील को पूर्ण तहसील बनाया जाएगा।

❖ ओंगना से भंडारी पहुंच मार्ग तक सड़क का डामरीकरण किया जाएगा।

❖ सिविल अस्पताल धर्मजयगढ़ का उन्नयन किया जाएगा साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गायनेकोलॉजिस्ट की पोस्टिंग की जाएगी।

❖ धरमजयगढ़ में 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास खोला जाएगा।

❖ रायगढ़ में 467 करोड़ की लागत से 260 किलोमीटर सड़कों का होगा निर्माण।

मुख्यमंत्री ने छाल में किया पूर्व मंत्री चनेशराम राठिया की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भेंट-मुलाकात के दौरान रायगढ़ जिले के छाल (वृंदावन) में पूर्व मंत्री स्वर्गीय चनेशराम राठिया की प्रतिमा का अनावरण किया। राठिया वर्ष 1977 से 2003 तक लगभग 25 साल विधानसभा में धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे अविभाजित मध्यप्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में भी लोक निर्माण, पशुपालन सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के वरिष्ठ मंत्री थे। वे अत्यंत सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी तथा सर्वमान्य आदिवासी नेता थे। राज्य में आदिवासी विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घरघोड़ा निवासी चमरु पैकरा के घर क्षेत्रीय करेला भाजी और मुनगा भाजी का लिया आनंद

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम घरघोड़ा पहुंचे। उन्होंने ग्राम घरघोड़ा हेलीपेड आगमन के बाद ग्राम पंचायत भेंड्री, प्रेमनगर मोहल्ला निवासी किसान चमरु पैकरा (पुत्र हरिकृष्ण पैकरा, बाबूलाल पैकरा) के घर पहुंचे और उनके घर मे बड़े सादगी के साथ भोजन ग्रहण किया। भोजन में मुख्यमंत्री ने चमरु पैकरा के घर पर चावल, दाल, रोटी सहित क्षेत्रीय करेला भाजी और मुनगा भाजी के स्वाद का भी आनंद लिया। इसके साथ ही उनके भोजन में लाल भाजी-बड़ी की सब्जी, लौकी चना दाल, बैंगन मटर का भर्ता, आम की चटनी, टमाटर की चटनी और अंकुरित सलाद आदि शामिल थे। मुख्यमंत्री बघेल के साथ ही कैबिनेट मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, किसान चमरु पैकरा ने भी भोजन किया। भोजन के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का किसान चमरु पैकरा सहित उनके परिवारजनों ने अपने घर के मुख्य द्वार पर कलश दीप जलाकर मुख्यमंत्री को चंदन, आरती कर और पुष्प-गुच्छ भेंट करके आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खरसिया में 205 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे चरण में रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा में 205 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत के 13 विभिन्न विकास के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें 19 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित 8 कार्यो का लोकार्पण एवं 185 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 5 कार्यों का शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम के दौरान जिन कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा 11 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से दो सड़क निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग द्वारा 5 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से तुरेकेला-हालाहुली मार्ग का मजबूतीकरण कार्य, शिक्षा विभाग द्वारा 75 लाख रुपये की लागत से बरभौना में हाईस्कूल भवन निर्माण, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 91 लाख रुपये की लागत से हमर लैब एवं ब्लड बैंक, आयुर्वेद विभाग द्वारा 16 लाख रुपये की लागत से शासकीय आयुर्वेद औषधालय हेतु मुरा में नवीन भवन निर्माण तथा 16 लाख रुपये की लागत से शासकीय होम्योपैथी औषधालय हेतु हालाहुली में नवीन भवन निर्माण कार्य शामिल है।

शिलान्यास कार्य के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा 75 लाख रुपये की लागत से खरसिया के छोटे मुड़पार में हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा 64 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से रेलवे ओव्हर ब्रिज एवं रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 120 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से खरसिया, रायगढ़ एवं पुसौर में 36 रेट्रोफिटिंग योजना, 129 सिंगल विलेज योजना एवं 01 सोलर योजना के कार्य शामिल है।

घरघोड़ा में की जाएगी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थापना

❒ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की मांग आई तो मुख्यमंत्री ने तुरंत हामी भरते हुए कहा- बैंक की मांग से पता चलता है कि राज्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है

रायगढ़। घरघोड़ा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कृषकों, क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों की ओर से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा की मांग आई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पर हामी भरते हुए इसकी स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व में भी भेंट-मुलाकात के दौरान सहकारी बैंक के शाखाओं की काफी मांग आई और हमने इसे पूरा किया। शासन द्वारा किसान हितैषी योजनाओं के चलाए जाने पर खेती किसानी फिर से मजबूत हुई है, किसानों के खाते में योजनाओं के माध्यम से मिलने वाली राशि पहुंचने से बैंकिंग शाखाओं के अधिक विस्तार की जरूरत पड़ रही है। बैंक शाखाओं की भारी मांग इस बात को दर्शाती है कि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था बेहद गतिशील है। आज स्व-सहायता समूह के द्वारा गौठानों में महिलाएं विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों के माध्यम से आय अर्जित कर रही हैं। लोगों की जेब में पैसा आया है। वे खेती किसानी में निवेश कर रहे हैं। हम इसे समझते हैं और लोगों की जरूरतों के मुताबिक शाखाओं के विस्तार करने का निर्णय ले रहे हैं। अब जब शाखाएं खुल जाएंगी तो इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और मजबूत हो जाएगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी योजनाएं खेती किसानी के लिए समय-समय पर किसानों को मजबूत करती हैं ताकि वे खेती में बेहतर निवेश कर सकें। इसका परिणाम शहरी अर्थव्यवस्था के लिए भी बेहतर होता है। हमारी सोच है कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मूलत: ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर टिकी है। इसे मजबूत करेंगे तो शहर भी मजबूत होगा। इसका परिणाम दिख रहा है। भेंट-मुलाकात में जब बैंक खोलने की मांग आती है तो अपनी नीतियों पर विश्वास मजबूत होता है। जब मुख्यमंत्री ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खोलने की घोषणा की तो उपस्थित जन समूह उल्लास से भर गया और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, विधायक लालजीत सिंह राठिया, कलेक्टर रानू साहू, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा, जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

राज्य का पहला सिविल अस्पताल जहाँ मिलेगी ब्लड बैंक की सुविधा

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक का आज शुभारंभ किया। सिविल अस्पताल खरसिया प्रदेश का पहला सिविल अस्पताल होगा जहां ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे ब्लड की समस्या एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने यहां अत्याधुनिक हमर लैब का शुभारंभ भी किया। जहां सीबीसी, एचबी 1-सी, इलेक्ट्रॉनिक ई एसआर, बायो कैमिस्ट्री, यूरिन एनालाइजर, ट्रू-नॉट (टी.बी.) जांच जैसे सुविधाएं स्थानीय सिविल अस्पताल में लोगों को मिल पाएगी। मुख्यमंत्री बघेल ब्लड बैंक के शुभारंभ के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र के बच्चों और उनके अभिभावकों से मिले। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के देखभाल के बारे में जानकारी ली। अभिभावकों ने बताया कि यहां बच्चे की बेहतर देखभाल की जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को सुपोषण आहार भी प्रदान किया।

मोतियाबिंद से खतरे में थी मासूम की आंखें

❒ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना से मिली प्रत्यक्ष को अक्ष की रोशनी

❒ मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने मां के साथ मुस्कुराते हुए पहुंचा प्रत्यक्ष

रायगढ़। प्रत्यक्ष यानि कि वो जो स्पष्ट दिखाई देता हो। ये नाम एक मां ने अपने बेटे के लिए रखा था ताकि हमेशा उसकी आंखो के सामने रहे, लेकिन जब प्रत्यक्ष थोड़ा बड़ा हुआ तो पता चला कि उसके अक्ष उसका साथ नहीं दे रहे हैं, वो ठीक से देख नहीं पाता है। प्रत्यक्ष की मां नीलावती राठिया के लिए इस बात का पता चलना किसी दुख के पहाड़ के समान था। घरघोड़ा का गरीब राठिया परिवार को निजी डाक्टरों ने उसकी आंखें ठीक करने के लिए जो खर्च बताया उसे कर पाना इस परिवार के लिए संभव नहीं था।

समय बीतता रहा और प्रत्यक्ष 3 साल का हो गया। नीलावती ने उम्मीदें छोड़ दी थीं कि अब उनका बेटा कभी देख भी पाएगा। ऐसे में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना नीलावती के लिए वरदान बन कर आई। यहां से प्रत्यक्ष की मां को पता चला कि उसे मोतियाबिंद है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा शुरू की गई डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना से उसका इलाज भी नि:शुल्क हो सकता है। आखिरकार वो दिन भी आ गया जब प्रत्यक्ष की अक्ष का इस योजना के तहत ऑपरेशन हो गया और अब उसकी आंखों की रोशनी भी लौट आई है। इसके लिए प्रत्यक्ष की मां और उसका पूरा परिवार मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने के लिए घरघोड़ा भेंट-मुलाकात पहुंचा था।

रायगढ़ में 467 करोड़ की लागत से 260 किलोमीटर सड़कों का होगा निर्माण

❒ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिले के नागरिकों से कहा, आपको विश्वास दिलाता हूं खराब सड़कों को बारिश खत्म होते ही बनवाएंगे

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि रायगढ़ जिले में खराब सड़कों को बनाने का काम बारिश खत्म होते ही किया जाएगा। उन्होंने धरमजयगढ़ विधानसभा के ग्राम छाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि रायगढ़ जिले की खराब सड़कों को जल्द ही बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी सचिव सिद्दार्थ कोमल परदेशी ने सभी खराब सड़कों का जायजा ले लिया है और वे स्वयं भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में भारी वाहनों का बहुत अधिक दवाब है, इसलिए सड़कों की स्थिति बारिश के बाद ठीक की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्दार्थ कोमल परदेशी ने जानकारी दी कि रायगढ़ से धरमजयगढ़ 130 करोड़ की लागत से 70 किलोमीटर, खरसिया-छाल-हाटी-धरमजयगढ़-पत्थलगांव तक 190 करोड़ की लागत से 90 किलोमीटर सड़क, छाल से घरघोड़ा तक 48 करोड़ की लागत से 23 किलोमीटर सड़क, पूंजीपथरा-तमनार -मिलूपारा तक 62 करोड़ की लागत से 26 किलोमीटर सड़क, सारंगढ़-बरमकेला-सोहेला मार्ग साढ़े 8 करोड़ की लागत से 8 किलोमीटर, बरमकेला-सरिया-नदीगांव सड़क साढ़े सात करोड़ की लागत से 18 किलोमीटर, घरघोड़ा से लैलूंगा तक 7 करोड़ की लागत से 15 किलोमीटर और सूरजगढ़ से पडिग़ांव तक 6 करोड़ की लागत से 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण किया जाएगा।

आज धरमजयगढ़ में अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की करेंगे समीक्षा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत 15 सितंबर को धरमजयगढ़ में सुबह 10.30 बजे से अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री वहां से हेलीकॉप्टर से दोपहर 1.35 बजे प्रस्थान कर 2.25 बजे रायपुर वापस आयेंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480